**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 310**

**04 फरवरी, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**वस्त्र क्षेत्र पर वस्तु और सेवा कर में वृद्धि का प्रभाव**

**310. श्री टी. एम. सेल्वागणपति:**

**क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) क्या यथाप्रस्तावित परिधान वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) में वृद्धि से भारत के वस्त्र क्षेत्र के प्रभावित होने की संभावना है;

(ख) क्या वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) में वृद्धि का अधिकांश वस्त्र और परिधान इकाइयों, जो कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम हैं, पर भारी प्रभाव पड़ेगा;

(ग) क्या सरकार को इस संबंध में वस्त्र क्षेत्र से कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं; और

(घ) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**वस्त्र राज्य मंत्री**

**(श्री पबित्र मार्घेरिटा)**

**(क) से (घ):** वस्त्र क्षेत्र के लिए जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने के लिए विभिन्न उद्योग संघों से समय-समय पर अभ्यावेदन प्राप्त होते रहते हैं। तथापि, वर्तमान में वस्त्र और अपैरल पर जीएसटी दरों को बढ़ाने के लिए जीएसटी परिषद के पास कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

****